आगरा कॉलेज, आगरा

पत्रांक – 73/2024-25

दिनांक 10.08.2024

कार्यालय आदेश

श्रीमान् कुलसचिव, डॉ0 भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के पत्रांक सम्ब0/372/2024 दिनांक 09.08.2024 के द्वारा महाविद्यालय के **बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0, बी0एससी0 बायोटैक, बी0बी0ए0, एवं बी0सी0ए0** में माननीया कुलपति जी के आदेश दिनांक 08.08.2024 के क्रम में **33 प्रतिशत सीट वृद्धि की गयी है।**

अतः माननीय कुलसचिव महोदय द्वारा निर्गत उक्त आदेश के क्रम में महाविद्यालय में **सन्दर्भित विभाग की बढ़ी हुई सीटों तथा रिक्त सीटों के सापेक्ष महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल को आज दिनांक 10.08.2024 से दिनांक 22.08.2024 तक पुनः इस प्रतिबन्ध के साथ खोला जाता है** कि निर्धारित समयावधि में इच्छुक छात्र/छात्रायें (जिनके द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर सन्दर्भित विषय में वेब रजिस्ट्रेशन कराया जा चुका है) अपने आवेदन पत्र भरें।

यह भी सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में प्रवेश का उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा एवं **निर्धारित समयावधि दिनांक 22.08.2024 तक आवेदन करने वाले छात्र/छात्राओं की दिनांक 24.08.2024 को योग्यता सूची (मेरिट लिस्ट)/कट ऑफ निर्गत करके (आवश्यकता पड़ने पर) प्रवेश समिति के माध्यम से दिनांक 28.08.2024 से दिनांक 30.08.2024 तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर दी जायेगी।**

अनुराग

(डॉ0 अनुराग शुक्ल)
प्राचार्य
आगरा कॉलेज, आगरा
Principal
Agra College, Agra

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. डॉ0 आर0के0 श्रीवास्तव, प्रोफेसर गणित एवं उप प्राचार्य, आगरा कॉलेज, आगरा।
2. समस्त विभाग प्रभारीगण एवं शिक्षकगण।
3. श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा, कार्यालय अधीक्षक।
4. समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण।
5. समस्त छात्र/छात्राओं।
6. प्रधान सम्पादक/सक्षक अधिकारी/समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से कि वह अपने समाचार पत्र में जन सामान्य को सूचित करने हेतु निःशुल्क सन्दर्भित समाचार प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
7. प्रोफेसर गौरांग मिश्रा को इस आशय से कि वह महाविद्यालय की वेबसाइट पर सन्दर्भित सूचना को आज ही अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner